रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है सकारात्मक दृष्टि–कुलपति प्रो. मिश्र

पत्रकारिता विभाग में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं हेतु इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

जबलपुर 7 अक्टूबर। राष्ट्र निर्माण और सामाजिक कल्याण के लिए सकारात्मकता अत्यंत अवश्यक है। पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक दृष्टि के साथ महत्वपूर्ण कल्याणकारी कार्य किये जा सकते हैं। उपरोक्त संदेश माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने संचार अध्ययन एवं शोध विभाग (पत्रकारिता विभाग) में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये।

विश्वविद्यालय पत्रकारिता विभाग में माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, जी की अध्यक्षता में एवं विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र पाठक की उपस्थिति में सत्र 2021–22 में नव प्रवेशित बीजेसी, बीएएमसी, एमएएमसी, एमजेसी के विद्यार्थियों के स्वागत एवं परिचय हेतु एक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीव प्रज्ज्वलन करके आरंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए पत्रकारिता शिक्षा देने हेतु प्रतिबद्ध है। विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र पाठक ने सभी छात्र–छात्राओं को संस्थान के कार्यो से परिचय कराया एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यम में पत्रकारिता विभाग के डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. मोहम्मद जावेद, डॉ. शैलेष प्रसाद, डॉ. प्रमोद पाण्डेय एवं डॉ. मोहनिका गजभिये ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता विभाग मे कौशल संवर्धन एवं पत्रकारिता के सभी क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यो को सविस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम नव प्रवेशित छात्र–छात्राएं एवं विभाग के वरिष्ठ विद्यार्थी मौजूद रहे।